# राजा पेमलशाह पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन




**नवभारत, दमोह । गोंड जनजातीय संस्कृति, उनके गौरवशाली इतिहास और सामुदायिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय जननायक महोत्सव का शुभारंभ रविवार की शाम 7 बजे तहसील ग्राउंड में हुआ। जिसमें गोंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। मुख्य अतिथि ने पारंपरिक ढंग से कलाकारों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर महोत्सव का शुभारंभ किया।**

कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय परंपराओं से सजे मंच, पारंपरिक वेशभूषा और ढोल-नृत्य की ताल पर उमंग से भरा वातावरण देखने को मिला। पहले दिन की प्रमुख प्रस्तुति के रूप में राजा पेमलशाह पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन किया। जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। नाटक में ब्रह्मा द्वारा संसार के भरण-पोषण का दायित्व गोंड समुदाय को सौंपे जाने की पौराणिक कथा, सात कोरी देवताओं के मंथन से उत्पन्न प्रिय जननायक पेमलशाह का प्रादुर्भाव तथा उनके चार भाई शंकर शाह, दलपत शाह, बुढ़न शाह और दूधन शाह की औपन्यासिक उपस्थिति को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। राज्य में आए भीषण अकाल, पेमलशाह की कर्मठता से आई खुशहाली, दिल्ली के बादशाह द्वारा उनकी योग्यता को पहचाने जाने और गढ़ मंडला व चौरा दादर को पुनः आबाद करने की कथा को कलाकारों ने नृत्य, संगीत और संवादों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

### राजा हीरा खान सिंह नृत्य/नाटक की प्रस्तुति दी गई

शहर के तहसील ग्राउंड में चल रहे जननायक गौंड सम्यता के महानायकों आधारित प्रस्तुतियों में दूसरे दिन 1 दिसंबर को राजा हीरा खान सिंह नृत्य/नाटक निदेशक नवीन सिंह और संगीत कुलदीप सार्वा द्वारा प्रस्तुती दी गई.



## हटा में जननायक कार्यक्रम का भव्य आगाज, गौंड सभ्यता के महानायकों पर नाट्य मंचन

**नवभारत,हटा/दमोह।** मप्र शासन व संस्कृति विभाग द्वारा गौंड सभ्यता के महानायकों के जीवन, शौर्य और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित जननायक कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन हटा में प्रारंभ हुआ। विधायक उमादेवी खटीक ने हटा जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल व अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर विधायक उमादेवी खटीक ने ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को गौरवशाली और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ये कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा है।

# नृत्य संगीत समारोह के मंच पर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति

## महाकाल ग्रुप ने जन समूह को किया मंत्रमुग्ध





**नवभारत,दमोह. युवक क्रांति संगठन व जनपरिषद चेप्टर दमोह के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय मानस भवन में राष्ट्रीय जन परिषद के संयोजकरामजी श्रीवास्तव, मिसेज यूनिवर्स टायटेनिक ब्युटी प्रगति सेठ, दमोह के भाव सिंह लोधी नोहटा, पूर्व विधायक अजय टंडन, इंजीआर.के.जैन (महामंत्रीकुण्डलपुर कमेटी), सुलेखा मिश्रा जबलपुर, श्रीमतिमालती असाटी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, रूपचंद जैन सी.ईओ.,नन्हें सिंह ठाकुर, डॉ.विक्रांत चौहान,डॉ केदार शर्मा, वीरेन्द्र दबे, लालचंद राय,स्वप्निल बजाज, इंजी. आर.के.जैन, संजय जैन तेन्दूखेड़ा, संजय पालीवाल पटेरा जगजीत सिंह वाधवा, आजम खान,के आतिथ्य में अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया.**

प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन पश्चात् अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारी सुधीर विद्यार्थी मनोज जैन पत्रकार, दिनेश प्यासी,एड.अभिषेक सिंघई, सौरभ विद्यार्थी, अकरम खान, प्रीति गौतम, किरण गोस्वामी,मधुवाला जैन आदि ने किया.तद्पश्चात् समूह नृत्य सीनियर,समूह नृत्य जूनियर, एकल नृत्य सीनियर,एक नृत्य जूनियर,कत्थक नृत्य,स्पर्धा में जहां प्रतियोगियों ने भव्य तथा आकर्षक प्रस्तुति की वहीं छिदवाड़ा से विकास मालवी के निर्देशन महाकाल नृत्य की भव्य प्रस्तुति ने भारी मात्रा में उपस्थित जन समूह को मत्रमुग्ध कर दिया. समारोह के दौरान अतिथि अजय टंडन ने अपने उद्बोधन में संगठन व कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों में हमेशा सहयोग करने की बात कहीं ।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली, कार्यशाला आयोजित

## एचआईव्ही/एड्स से बचाव व रोकथाम के संबंध में किया गया जागरूक



**नवभारत,दमोह. एचआईव्ही/एड्स से बचाव व रोकथाम के संबंध में आमजनों को जागरूक किया गया. मुख्य चिकित्सा व स्वास्थय अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने व्यवधान पर काबू पाना, एडस प्रतिक्रिया में बदलाव लाना थीम पर एड्स जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.**

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, जिला जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. गौरव जैन, परामर्शदाता दिनेश असाटी, आईसीटीसी परामर्शदाता चेतना नायक व स्वैच्छिक संगठन तुमुल समग्र विहान परियोजना सागर के प्रतिनिधि अभयराज मौजूद रहे. इस मौके पर डॉ. अठया ने कहा कि आज विज्ञान और चिकित्सा में हुई उन्नति के कारण आज एचआईव्ही पॉजिटिव होना, जीवन का अंत नहीं है. एआरटी पर रहने वाला व्यक्ति लंबा, स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकता है. जिला चिकित्सालय दमोह में लिंक एआरटी की सुविधा उपलब्धहै.


रैली में शामिल एकलव्य विश्वविद्यालय, पी.जी. कॉलेज, के.एन. कॉलेज व सीआईसीएम के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर एचआईव्ही संक्रमण से बचाव व रोकथाम से संबंधित संदेश आमजनों को दिया गया.रैली दौरान आम नागरिकों ने सड़क के दोनों ओर खडे होकर रैली का समर्थन किया. रैली घंटाघर चौराहा, बस स्टेण्ड से होते हुए कीर्ति स्तंभ पर पहुंचकर मानव श्रृंखला बनाकर एचआईव्ही/एड्स रोकथाम में एकजुटता का संदेश दिया गया. इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा एचआईव्ही बचाव के संबंध में संदेश देते हुए पोस्टर भी आकर्षण का केन्द्र रहे.एकलव्य विश्वविद्यालय, पी.जी.कॉलेज, के.एन. कॉलेज एवं सीआईसीएम के छात्र -छात्रा शमिल रहे. इस दौरान परामर्शदाता दिनेश असाटी, आईसीटीसी परामर्शदाता चेतना नायक व तुमुल समग्र विहान परियोजना के प्रतिनिधि मौजूद रहे.



## कलेक्टर ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण, कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**नवभारत,दमोह.** बढ़ती ठंड के बीच यात्रियों को राहत प्रदान करने हेतु संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का हाल जानने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रविवार रात्रि अचानक निरीक्षण किया. उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में बने नगर पालिका संचालित रैन बसेरे तथा बस स्टैंड पर नवनिर्मित रैन बसेरे का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान किसी भी यात्री के न ठहरने पर कलेक्टर श्री कोचर ने गहरी नाराज़गी व्यक्त की.वहीं स्थानीय लोगों द्वारा कर्मचारियों की शिकायतें भी सामने आई.इस पर कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को निलंबित करने की कार्रवाई के निर्देश दिए.

# जबेरा में धूमधाम से मनाई गई गीता जयंती




**नवभारत,जबेरा/दमोह.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा मे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीमद् भागवत गीता के 15वें अध्याय का वाचन कर गीता जयंती बड़े धूमदृधाम और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने गीता के पावन उपदेश कर्तव्य, सत्य, अनुशासन एवं ज्ञान को समझते हुए सार्थक संदेशों का वाचन किया। गीता का स-स्वर वाचन पंडित आशीष मिश्रा,वेद व्यास द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य गीता को जीवन में उतारकर श्रेष्ठ नागरिक बनना हैं। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस आयोजन से छात्रों में नैतिकता, सकारात्मकता और संस्कारों का सुंदर संचार हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सतेंद्र सिंह लोधी सम्मिलित हुए। सत्येंद्र सिंह लोधी ने बताया गीता जयंती के इस दिव्य महोत्सव पर अध्याय 15 वे पुरुषोत्तम योग के पावन श्रवण का अवसर मिला। यह अध्याय मानव जीवन के वास्तविक स्वरूप,आत्मा के महत्व और परमात्मा की परम सत्ता का अद्भुत बोध कराता है।

### गीता महोत्सव : विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ व संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डॉ.आलोक कुमार जैन के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमद् भगवद्गीता पर व्याख्यान तथा गीता के पंद्रहवें अध्याय का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम में गीता के दार्शनिक, नैतिक व आध्यात्मिक दृष्टिकोण पर सारगर्भित विचार रखे गए।

## महाकौशल प्रांत में व्यापक गृह संपर्क अभियान

**नवभारत,दमोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है.इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से व्यापक गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है.महाकौशल प्रांत के 10 विभाग तथा 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा.दमोह जिले में 1234 ग्राम एवं 40 नगरीय बस्ती तथा 59,652 परिवारों तक स्वयंसेवकों की तोलिया पहुंचेगी।हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है. प्रत्येक टोली में 2- 2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है.संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा.समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी युक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे.

## एक नजर में



### विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बने अमित चौहान

**नवभारत,दमोह।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.दमोह वृत मे नवआगंतुक अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। म.प्र.विद्युत कर्मचारी संघ फेडरशन के प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, संजय पलनीटकर अध्यक्ष यूना. फोरम, सूरज पटैल, दमोह अध्यक्ष मनीष दुबे, सचिव नितिन श्रीवास्तव, राज दुबे, सचिव उत्तर संभाग चंदन पटैरिया, आकाश सेन, सुशील विद्यार्थी, व साथियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के साथ कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू, ईजी.मोहन सुलया व निज,सहायक पी.एल. विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर अमित चौहान ने सभी कर्मचारियों से सहयोग की भावना से कार्य करने की अपील की, व सभी के साथ टीम भावना से कार्य करने की मंशा व्यक्त की।



### प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया


**नवभारत,दमोह.**कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखे सप्ताह के दौरान कार्यालय के समस्त लोकसेवकों में से सर्वाधिक प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए कुलदीप राठौर जिला पंचायत, जयदीप सिंह भू-अभिलेख सहित और 3 को सम्मान स्वरूप उज्जवल भविष्य की कामना सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.



### सघन वाहन चेकिंग और चालानी कार्रवाई की

**नवभारत,हटा/दमोह.** एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत रनेह पुलिस की कार्रवाई जारी...थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन व एएसआई मुफीस अहमद के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग और चालानी कार्रवाई करते हुए चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है.

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई




**नवभारत,दमोह.** शहर स्थित चौराहे पर रवि-सोमवार रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई.मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची. जहां देर रात पुलिस ने घायल को अस्पताल भर्ती कराया।

## हटा उप जेल में श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन

### बंदियों ने लिया गीता का ज्ञान



**नवभारत,हटा/दमोह.** मध्यप्रदेश शासन और जेल मुख्यालय के निर्देशन में आज उपजेल हटा में श्रीमद्भागवत गीता आयोजन किया गया। गीता महोत्सव के तहत आयोजन में पंडित रति कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा बंदियों को श्रीमद्भागवत गीता के 15 वे अध्याय पर उपदेश दिया गया। बंदियो को गीता का ज्ञान देते हुए शास्त्री जी ने बताया की गीता जी एक धर्मनिरपेक्ष शास्त्र है सभी भारत वासियों को इसका अध्ययन मनन करते हुए बताए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने महाभारत काल का वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का व्याख्यान किया, इस दौरान उप-जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौधरी की भी उपस्थिति रही, जेल में गीता आयोजन होने से जेल का माहौल भक्तिमय और धार्मिक बन गया। अधीक्षक नागेंद्र सिंह ने बताया ऐसे आयोजनों से बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



## खरीदी केंद्रों का संचालन शुरू

**कुम्हारी ।** उपार्जन केन्द्र धनगुवा ओर पड़री सहजपुर में खरीदी केन्द्र का शुभारम्भ हुआ जिसमे हरिशचंद पटेल किसान जिला अध्यक्ष,द्वारा सर्वप्रथम पूजन किया गया (और आए हुए किसानों का सम्मान फूल माला पहनाकर स्वागत किया । किसानों को अपने हक के प्रति जागरूक रहने,और अपनी तुलाई सावधानी पूर्वक करवाने, धान 40किलो 600 ग्राम करवाना संबंधी बिंदु बार चर्चा की किसानों से वहीं कुछ किसानों की सिकमी पंजीयन निरस्त जिनको लेकर पत्राचार किया जाएगा जल्द से जल्द किसानो की समस्या का निराकरण करने का प्रयास उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर सभी किसानों की धान तुलाई होगी। ऐसा आश्वासन दिया इस दौरान मंडलअध्यक्ष राजेंद्र यादव, बेनी सीग, राकेश राय,किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश यादव, पुष्पेंद्र जैन, सुरेंद्र यादव, नितिन तिवारी, मनोज लोधी, वही किसानों मे देवराज लोधी, लक्ष्मण लोधी का सम्मान किया 7 गया,अभी तक सलाट 410, बुक किये, धान, 23,69 रूपये, प्रति किलोग्राम,खरीदी जायेगी ।

## प्रथम जेपीएल नाइट क्रिकेट ट्रॉफी पर महावीर क्रिकेट क्लब ने कब्जा जमाया



**नवभारत,दमोह।** शहर के इतिहास में पहली बार शिव नगर एस्ट्रो टर्फ मैदान पर जैन प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 20-20 की तर्ज पर दस-दस ओवर तथा आठ-आठ खिलाड़ीयो वाली टीम के रूप में आयोजित जेपीएल लीग में 16 टीमों ने भाग लिया।

रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में महावीर क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए वासा वॉरियर की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। महावीर क्रिकेट क्लब के कप्तान राहुल गांगरा ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी चुनते हुए निर्धारित 10 ओवर में 86 रन बनाएं। जबाव में बासा वारियर के कप्तान ऋतिक जैन और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया.

**निरीक्षण** गुणवत्ता मजबूती को लेकर लगातार सवाल, शिवभक्तों ने बैठक कर निरीक्षण किया

# बांदकपुर धाम कॉरिडोर निर्माण की गति बहुत धीमी

**नवभारत,दमोह.मप्र के प्रमुख प्राचीन हिन्दूतीर्थ स्थल जागेश्वर धाम बांदकपुर में म.प्र. सरकार 100 करोड़ की राशि से भव्य विशाल कोरिडोर निर्माण कार्य करा रही है. मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कार्य के भूमिपूजन को आधा साल निकल गया.जिसमें 5 चरण में निर्माण होना है.लेकिन पहले ही चरण का कार्य कब पूरा होगा पता नहीं.निर्माण कार्य कछुए की गति से हो रहा है.**



शिवभक्तों ने बांदकपुर में बैठक कर पर्यटन संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और प्रदेश के मुख्यमंत्री से निर्माण कार्य के निरीक्षण की मांग की है. मंदिर के प्राचीन मुख्य द्वार से अतिक्रमण भी जस का तस है जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं. शिवभक्तों का कहना है कि मंदिर के पास बिना खाली जगह किए अतिक्रमण हटाए कोरिडोर निर्माण करना बहुत हैरान करने वाला है. वर्तमान में मंदिर के पीछे की ओर करौंदी नाला तरफसे निर्माण प्रारंभ किया गया है.जिला मुख्य न्यायाधीश,दमोह कलेक्टर, मंदिर ट्रस्ट पिछले दिनों एक बैठक भी कर चुका है.निर्माण से जुड़ी जानकारी को लेकर मंदिर ट्रस्ट कमेटी से भी पूरी जानकारी जारी करने की मांग शिवभक्तों ने की है. लाखों भक्तों धर्म प्रेमियों की आस्था श्रृद्धा भोले बाबा की नगरी से जुड़ी है.शिवभक्तों ने बांदकपुर धाम आने वाले भक्तों धर्म प्रेमियों से निर्माण स्थल पर निरीक्षण के लिए भी आव्हान किया है.बांदकपुर में बैठक निरीक्षण के दौरान अरविंद पाठक, गोलू चौबे बजरंग दल, ऋषि परिहार, विनय असाटी पत्रकार, छुट्टन यादव, शंकर गौतम, राम गौतम सहित अनेक भक्तों की उपस्थिति रही. शिवभक्तों द्वारा हर माह बांदकपुर में बैठक करके निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाता है.

## पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाया गया मुस्कान अभियान

**नवभारत,दमोह.** 30 नम्बवर को भी विशेष जागरूकता अभियान मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी और अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थान छात्रावासों में बालक-बालिकाओं का कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया.




## आम सूचना

यह कि मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संभव जैन एवं श्री सुविध जैन पिता श्री सुभाषचंन्द्र जैन निवासी असाटी वार्ड नं 02 डांक्टर चेतन के पास तहसील व जिला दमोह में निवास करते हैं, यह कि मेरे पक्षकार श्री संभव जैन एवं श्री सुविध जैन पिता श्री सुभाषचंन्द्र जैन का मौजा हिरदेपुर, सुरेका कालोनी में प्लाट स्थित है जिसका खसरा नं. 320 / 19 एवं जिसका रकवा 836 वर्गफुट है., जो विक्रेता श्री अशोक सुरेखा पिता श्री त्रिलोकचंन्द्र सुरेखा से दिनांक 18/08/2015 को उप-पंजीयक कार्यालय दमोह के समक्ष रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया था जिसका ई पंजीयन नं. MP08922015A1040410 है। उक्त रजिस्ट्री दिनांक 24/10/2025 गुम हो गई है। जिसकी सूचना भी दिनांक 25/11/2025 को लिखित रूप में थाना पुलिस कोतवाली दमोह तहसील दमयंतीनगर, जिला दमोह में कर दी गयी है।

ऐसी स्थिति में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित श्री संभव जैन एवं श्री सुविध जैन पिता श्री सुभाषचंन्द्र जैन के नाम की संपति के संबंध में विक्रेता या किसी भी वारसान वारिसानों एवं किसी भी व्यक्ति विशेष तथा बैंक शासकीय अशासकीय एवं अर्धशासकीय एवं वित्तीय संस्थान, सोसायटी फर्म किसी भी कार्यालय को कोई भी आपत्ति या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति, संस्था व अन्य इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अंदर मेरे कार्यालय में पूर्ण दस्तावेज के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति, स्वत्व मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

"कृपया सूचित हों"

आशीर्वाद चतुर्वेदी (एडवोकेट)
पता बस स्टेण्ड रोड,
भारती गैस एजेंसी के बाजू में, दमोह
मो. नं. 9977065535